http://krishipravahika.vitalbiotech.org/

कृषि प्रवाहिका: ई-समाचार पत्रिका

e-ISSN: 2583 – 0430

*कृषि-प्रवाहिका: ई-समाचार पत्रिका,* (2023) वर्ष 3, अंक 7, 5-6

Article ID: 289

# कंसोर्टियम ई.संसाधन कृषि: (CeRA): कृषि शोधकर्ताओं के लिए एक प्रभावी उपकरण

**देवी लाल कुम्हार***

एम.लिस.

(सूचना एवं पुस्तकालय विज्ञान)

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मैदान गढ़ी,

नई दिल्ली - 110068।

नंवबर 2007 में स्थापित कृषि ई–संसाधन कंसोर्टियम (CeRA के रूप में लोकप्रिय) सभी शोधकर्ताओं, शिक्षकों, छात्रों, नीति नियोजकों, प्रशासकों एवं विस्तार विशेषज्ञों को आई.पी प्रमाणीकरण के माध्यम से कृषि और संबद्ध विज्ञान में चयनित पत्रिकाओं तक अभिगम्य (24x7) ऑनलाइल सुविधा के साथ अपनी तरह का पहला प्रयास है। CeRA देश के पाँच प्रमुख कांसोर्टियम के क्लब में से एक है। संगठनात्मक संरचना में संचालन समिति, निगरानी एवं वार्ता समिति और कार्य समिति शामिल है जो गतिविधियों के सुचारु संचालन के संबन्ध में मार्गदर्शन और मदद करने के लिए कियाशील है। वर्तमान में CeRA के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय अनुसंधान केंन्द्र, परियोजना निदेशालयों सहित 143 सदस्य है। CeRA के अंतर्गत 3490 पत्रिकायें (कंसोर्टियम आधारित – 2046 ओपेन एक्सेस–501 और पुस्तकालय आधारित 905) अभिगम्य है। इसके आलावा दो डाटाबेस (CABI और वेब आफ साइंस) भी उपलब्ध है। आज के संदर्भ में वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं छात्रों के मध्य सहित्य खोज हेतु पेशेवर अंदाज में उपल्बध है।

दो वेबसाइटों जो क्रमश % http%@@cera-iari-res-in, http%@@www-jgateplus-com है, कंसोर्टियम के अंतगर्त ई–पत्रिकाओ एवं डाटाबेस के अभिगम्यता की जानकारी देते है। पहला वेबसाईट बुनियादी जानकारी के अलावा समितियों की जानकारी, श्रेणी के हिसाब से सदस्यता, पूर्ण पाठ लेख का संचयी डाउनलोड, उपलब्ध ई–पत्रिकाओं, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण, फोटो गैलरी की सूची उपलब्ध कराता है। इसके अंतगर्त कंसोर्टियम आधारित पुस्ताकालय आधारित एवं ओपन एक्सेस पत्रिकाओं का समावेश किया गया है। पुस्तकालय आधारित पत्रिकायें मूलरुप से संबधित संस्थानों द्वारा सब्सक्राइब्ड दिया गया। इस के अंतगर्त ब्मत। सदस्यों की मांग पर रिप्रिन्ट का वितरण किया जाता है

पहली csolkbV http%@@cera-iari-res-in जुमला मंच पर आधारित है जिसमें फ्रंट एंड पर पी. एच. पी. एच.टी.एम.एल का तथा बैक ऐंड पर डल्फिस डाटाबेस का इस्तेमाल किया गया है। साइट क मुख्य अवयव आम जानकारी, समितियों का गठन, फीडबैक, पत्रिकाओं की सूची, कार्यशालाओं तथा महत्वपूर्ण खबरों की सुचना एवं महत्वपूर्ण प्रकाशनों को जनसाधारण को सुगम कराना है। वितीय जानकारी, प्रकाशकों के साथ अनुबंध, चालान, असंसाधित डाटा तथा ॑व भी साइट द्वारा अभिगम्य है। कंसोर्टियम की सारी जानकारी एक मंच पर उपलब्ध है ।

दुसरी बेवसाइट http%@@www-jgateplus-com उदघाटन कार्यशाला के समय प्रस्तुत

साइट http%@@cera-jccc-पद का अधयनत संस्करण है। यह साइट आई.पी प्रमाणीकरण के द्वारा सभी पत्रिकाओं का मेटाडाटा रखती है। इसके अलावा प्रत्येक सदस्य एवं नोडल अधिकारी का संपर्क विवरण, हिट एवं डाउन लोड संबंधी रिर्पोट भी उपलब्ध है । यह CeRA पत्रिकाओं की अभिगम्यता हेतु मंच प्रदान करता है। इस मंच में उपलब्ध महत्वपूर्ण विकल्पों की सुविधाओं में से कुछ मुख्य है :– अग्रिम खोज, मेरी पसंदीदा पत्रिकाओं की सूची एवं लाइव चैट ।

अप्रैल 2008 में आयोजित लान्च कार्यशाला के बाद 65 कार्यशालायों का आयोजन NARS के अन्तर्गत विभिन्न संस्थानों में किया गया। कार्यशालाओं का आयोजन इस बात को ध्यान में रखते हुए किया गया की एक संस्थान में नजदीक के संस्थान भी प्रतिभागिता कर पाये। इस प्रकार ब्मत। के माध्यम से संपुर्ण NARS संस्थानों की उपयोगिता की जानकारी दी गयी। कार्यशालाओं की चर्चा के मुख्य मुद्दों में शोधार्थियों के जरुरत के हिसाब से विशिष्ट प्रदर्शन करना एवं स्पष्टीकरण शामिल थे। इसके अलावा फीडबैक, प्रतिक्रिया एवं प्रश्नावली भी कार्यशाला के मुख्य बिन्दुओं में शामिल थे। CeRA वेबसाइट के माध्यम से ऑन लाइन चैट की सुविधा भी प्रदान की जाती हैं।

CeRA के उपयोग में तेजी से सुधार आया है तथा औसत मासिक डाउनलोड तकरीबन तीन लाख है। CeRA वेबसाइट पर आगन्तुकों की संख्या करीब 40 लाख तथा पूर्ण पाठ लेख के कुल डाउन लोड 85 लाख से भी अधिक है। NARS संस्थानों में डाउनलोड एवं प्रकाशन के अंतसंबंधों पर चर्चा हुई है। प्रकाशनों पर डाउनलोड के प्रभाव के अध्ययन का भी प्रयास किया गया है। वार्षिक आधार पर प्रकाशनों का भा०कृ० अनु०प० के विभागों के स्तर पर ग्राफन किया गया है तथा डाउनलोड एवं प्रकाशनों में वृद्धि का चलन देखा गया है।

शोधकर्ताओं की अभिगमन की सुगमता के अलावा कंसोर्टियम आधारित प्रकाशनों के डाउनलोड की कीमतों में 80 : की बचत होती है। डाउनलोड की कीमतों में बचत के अलावा पुस्तकालय जाने एवं साहित्य खोज के समय एवं ऊर्जा की भी बचत होती है। बिगत पांच सालों में दस्तावेज वितरण अनुरोध प्रणाली के माध्यम से CeRA सदस्यों को 50,000 से भी ज्यादा दस्तावेज वितरीत किये गये।

बिगत पांच वर्षों में CeRA के उत्कृष्ट सेवा की निदेशकों एवं कुलपतियों के सम्मेलनों में व्यापक सराहना हुई है। दिसंबर 2012 में CeRA की उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ है। प्रकाशनों की उत्कृष्टता जो NARS रेटिंग के आधार पर मापित होती है. में CeRA कार्यकाल में वृद्धि हुई है। वेब आफ साइंस के विश्लेषण द्वारा यह प्रमाणित होता है कि CeRA कार्यकाल में citation में वृद्धि हुई है।

संक्षेप में हम कह सकते हैं कि CeRA ने कृषि शोध, शिक्षा एवं विस्तार में उत्कृष्टता एवं उच्च मानकों को स्थापित करने में उत्प्रेरक का कार्य किया है।